दिन– बुधवार दिनांक– 05 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत कल होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी। तीन करोड़ पचहत्तर लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे।

02. विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार हुआ तेज। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव और कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की आज कई स्थानों पर चुनावी सभाएं।

03. गुरू नानक देव का 556वां प्रकाश पर्व आज पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

04. और, कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पवित्र स्नान के लिए गंगा सहित राज्य की विभिन्न नदियों के तट पर श्रद्धालुओं का लगा तांता।

---

विधानसभा चुनाव के कल होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इस चरण में कल अठारह जिलों के एक सौ इक्कीस निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस चरण में एक सौ बाईस महिला समेत एक हजार तीन सौ चौदह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

बिहार विधान सभा चुनाव के पहले चरण में नीतीश कुमार सरकार के सोलह मंत्रियों की चुनावी किस्मत का फैसला होगा। इसमें से ग्यारह भाजपा कोटे के मंत्री हैं। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा तारापुर तथा लखीसराय निर्वाचन क्षेत्रों से भाजपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। राष्ट्रीय जनता दल के नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव लगातार तीसरी बार जीत के लिए वैशाली जिले के राघोपुर विधान सभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतरे हैं। तेजस्वी यादव के बड़े भाई, पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव, राष्ट्रीय जनता दल से निकाले जाने के बाद इस बार अपनी सीट बदलकर महुआ निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़े रहे हैं। वे अपनी खुद की पार्टी जनशक्ति जनता दल से प्रत्याशी हैं। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय सिवान विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनावी मैदान में हैं। वहीं, सात बार विधायक रहे और जदयू के प्रत्याशी श्रवण कुमार नालंदा निर्वाचन क्षेत्र से फिर से किस्मत आजमा रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी सहयोगी और छह बार विधायक रहे राज्य के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी समस्तीपुर जिले के सरायरंजन विधान सभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। दो जाने माने कलाकार, लोक गायिका मैथिली ठाकुर दरभंगा के अलीपुर और भोजपुरी फिल्मों के जाने–माने अभिनेता तथा गायक शत्रुघन यादव उर्फ खेसारी लाल यादव सारण जिले के छपरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनावी मैदान में हैं।

धर्मेन्द्र कुमार राय के साथ सकलेन अख्तर आकाशवाणी समाचार पटना

इस चरण में एनडीए की ओर से, जनता दल सबसे ज़्यादा संतावन सीटों पर चुनाव लड़ रही है, उसके बाद बीजेपी अड़तालीस, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास चौदह और राष्ट्रीय लोक मोर्चा दो सीटों पर चुनाव लड़ रही है। महागठबंधन की ओर से  राष्ट्रीय जनता दल ने सबसे ज़्यादा तिहत्तर उम्मीदवार उतारे हैं, कांग्रेस ने चौबीस और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी – माले ने चौदह उम्मीदवार उतारे हैं। वही, जन सुराज पार्टी ने इस चरण में एक सौ उन्नीस उम्मीदवार उतारे हैं। चार सीटों – राजापाकड़, बछवाड़ा, बेलदौर और बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्रों में महागठबंधन के घटक दल कांग्रेस, आरजेडी, और सीपीआई ने एक–दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार उतारे हैं।

---

पहले चरण के चुनाव में तीन करोड़ पचहत्तर लाख तेरह हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में पैंतालीस हजार तीन सौ इकतालीस पोलिंग बूथ बनाये गये हैं। मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा जो शाम छह बजे तक जारी रहेगा। सिमरी–बख्तियारपुर, महिषी, मुंगेर और जमालपुर विधानसभा क्षेत्रों में चिन्हित मतदान केन्द्रों पर मतदान का समय शाम पांच बजे तक निर्धारित है। इसके अलावा सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र के छप्पन मतदान केन्द्रों पर भी अपराह्न पांच बजे तक ही वोट डाले जायेंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

---

निर्वाचन आयोग के अनुसार लोग मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र के साथ–साथ बारह वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्रों का उपयोग कर सकेंगे। इन पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, ड्राईविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड और पासपोर्ट समेत अन्य पहचान पत्र शामिल हैं।

---

निर्वाचन आयोग ` अंतर्राष्ट्रीय चुनाव आगंतुक कार्यक्रम दो हजार पच्चीस के तहत पहले चरण के विधानसभा चुनाव को देखने के लिए सात देशों के प्रतिभागी दो दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचे हैं। इनमें फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, बेल्जियम, इंडोनेशिया, फिलीपींस, थाईलैंड और कोलंबिया के चौदह प्रतिभागी शामिल हैं। निर्वाचन आयोग ने नई दिल्ली में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय चुनाव आगंतुक कार्यक्रम दो हजार पच्चीस की शुरुआत की। आयोग ने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन प्रेषण केंद्रों का दौरा करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय

चुनाव आगंतुक कार्यक्रम, अन्य देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के चुनाव प्रबंधन निकायों के साथ अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और संपर्क को बढ़ावा देने के लिए निर्वाचन आयोग का एक प्रमुख कार्यक्रम है।

———————————————————

पहले चरण के चुनाव के दिन कल संबंधित संसदीय क्षेत्रों में सभी सरकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के कार्यालयों में सवैतनिक अवकाश रहेगा। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

———————————————————

निर्वाचन आयोग ने ग्यारह नवम्बर को दूसरे चरण के मतदान की समाप्ति होने तक किसी भी तरह की सर्वे रिपोर्ट और एग्जिट पोल के प्रसारण और प्रकाशन पर रोक लगा दी है। आयोग ने कहा है कि इस अवधि में किसी भी मीडिया संस्थान द्वारा एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके प्रकाशन तथा प्रसारण पर प्रतिबंध रहेगा।

———————————————————

विधानसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार समाप्त होने के बाद अब एनडीए, महागठबंधन समेत विभिन्न राजनीतिक दलों ने दूसरे चरण के चुनाव के लिए प्रचार में ताकत लगा दी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज बांका, जमुई, सिकंदरा और गुरूआ में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ गयाजी और रोहतास के कई विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाएं करेंगे। महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, शिवहर और सीतामढ़ी में कई जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी आज वाल्मीकिनगर और चनपटिया में जनसभाएं करेंगी। इस चरण के तहत बीस जिलों की एक सौ बाईस विधानसभा सीटों पर ग्यारह नवम्बर को मतदान होगा।

———————————————————

सिख धर्म के संस्थापक गुरू नानक देव की आज 556वीं जयंती है। गुरू परब के नाम से चर्चित गुरू नानक जयंती बिहार समेत पूरे देश में आस्था और उल्लास के साथ मनाई जा रही है।

———म्युजिक———

गुरू नानक देव सिख धर्म के दस गुरूओं में पहले गुरू होने के साथ ही सिख धर्म के संस्थापक थे। कार्तिक पूर्णिमा पर प्रत्येक वर्ष गुरू परब मनाया जाता है। इस अवसर पर पटना साहिब में चल रहा चार दिवसीय कार्यक्रम भी संपन्न हो जायेगा। आज पटना साहिब स्थित तख्त श्री हरिमंदिर साहिब में मुख्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अखंड पाठ की समाप्ति के बाद विशेष दीवान में भजन–कीर्तन, प्रवचन और अरदास का आयोजन किया जायेगा। इससे पहले कल प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य नगर कीर्तन निकाली गयी। प्रकाशोत्सव में शामिल होने के लिए देश–विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि अररिया जिले के फारबिसगंज स्थित गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा में भी प्रकाशोत्सव पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

———बाईट———

प्रकाश पर्व के अवसर पर पूरा फारबिसगंज शहर का वातावरण शबद – कीर्तन, बोले सो निहाल सत श्री अकाल के भक्तिमय नारों से गुंजायमान है। इस दौरानआसपास के श्रद्धालु सहित पड़ोसी देश नेपाल से भारी संख्या में सिख श्रद्धालु गुरुद्वारे में मत्था टेक रहे हैं। अहले सुबह से श्रद्धालु का पहुंचने का सिलसिला जारी है। गुरुद्वारे को आकर्षक फुलों और रोशनियों से सजाया गया है। तीन नवंबर को अखंड के साथ शुरू हुये प्रकाशोत्सव का आज समापन होगा। इसके बाद गुरु का अरदास और शबद – कीर्तन से निहाल होगा। कड़ाह – प्रसाद वितरण और अटूट लंगर बरता जाएगा। ाकाशवाणी समाचार के लिए अररिया के फारबिसगंज गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा से मैं गौतम सिंह सहगल

———म्युजिक———

---

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आज गंगा सहित राज्य की विभिन्न नदियों में श्रद्धालु अहले सुबह से ही पवित्र स्नान कर रहे हैं। पटना शहर में विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुये सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये है। सारण जिले के हरिहर क्षेत्र स्थित गंगा और गंडक के संगम पर भी स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी है। कार्तिक स्नान को देखते हुये नदियों में गोताखोरो, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवानों को तैनात किया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पटना जिला प्रशासन ने गंगा नदी में नावों के परिचालन पर रोक लगा दी है।

———बाइट———

गंगा तट पर बसे बक्सर के प्रसिद्ध रामरेखा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा स्नान के अवसर पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। एक रिपोर्ट——

———बाइट———

इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि बेगूसराय के सिमरियाधाम में गंगा नदी में पवित्र स्नान के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुनानक जयंती और कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश और देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने कल होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– राज्य की एक सौ इक्कीस सीटों पर प्रचार थमा, मतदान कल। दैनिक जागरण ने इसी खबर का शीर्षक दिया है– कहीं, शाम छह तो कहीं पांच बजे तक होगा मतदान। प्रभात खबर ने लिखा है– जेन जी वोटर करेंगे जीत–हार का फैसला। पहले चरण की एक सौ इक्कीस सीटों पर करीब एक चौथाई हैं जेन जी वोटर। दैनिक भास्कर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महिला संवाद से जुड़ी खबर को अपनी लीड बनाते हुये लिखा है– एनडीए की जीत बीस साल का रिकॉर्ड तोड़ेगी। राष्ट्रीय सहारा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– दो हजार पांच से पहले था भय का माहौल, अब कानून का राज। आज अखबार की सुर्खी है– सिद्धि योग के सुयोग में कार्तिक पूर्णिमा आज।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत कल होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी। तीन करोड़ पचहत्तर लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे।

02. विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार हुआ तेज। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव और कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की आज कई स्थानों पर चुनावी सभाएं।

03. गुरू नानक देव का 556वां प्रकाश पर्व आज पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

04. और, कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पवित्र स्नान के लिए गंगा सहित राज्य की विभिन्न नदियों के तट पर श्रद्धालुओं का लगा तांता।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।